


**वाहेगुरु जी का खालसा**
**वाहेगुरु जी की फतेह!**

जैसा कि आपको अवगत है हमारे विद्यालय के छात्रों का दसवीं का शिक्षा परिणाम घोषित हो चुका है जोकि अति सराहनीय है।

हमारे विद्यालय का से **26 विद्यार्थियों ने गत वर्ष 2019 - 20 अध्याय भाग के दसवीं की परीक्षा में भाग लिया**। हमें यह बताते हुए गर्व महसूस होता है कि हमारे **सभी विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन के** साथ दसवीं बोर्ड की परीक्षा को उत्तीर्ण किया। जिसमें से **3 विद्यार्थियों ने 90% से ज्यादा अंक** प्राप्त किए तथा **14 बच्चों ने 80% से ज्यादा अंक** हासिल किए **एवं 7 विद्यार्थियों ने 70% से ज्यादा अंक** प्राप्त किए। हमारा **कोई भी बच्चा 62% से नीचे नहीं रहा।**

यह शिक्षकों एवं अभिभावकों के विश्वास एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। हम आप सभी अभिभावकों का धन्यवाद करते हैं तथा आभार व्यक्त करते हैं हमारे विद्यालय पर भरोसा रखकर अपने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका दाखिला हमारे विद्यालय में करवाया।

यह हमारी उच्च शिक्षा व्यवस्था तथा बच्चों के आत्मिक विश्वास को प्रदर्शित करता है। हमारी शिक्षा व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी को व्यक्तिगत ध्यान दिया जाता है। हमारा मानना है कि कोई भी विद्यार्थी यदि एकाग्रता से कक्षा में पढ़ाई करें **तो वह आसानी से 70% से ज्यादा अंक** किसी भी परीक्षा में अर्जित कर सकता है।

हम अकाल अकादमी डाकरा साहिब, रायपुर रानी पंचकूला, परिवार की तरफ से आप सभी अभिभावकों का हार्दिक धन्यवाद करते हैं कि आप सभी ने समय-समय पर विद्यार्थियों की समस्याओं को भी उजागर किया जिससे कि विद्यार्थियों में सुधार लाया जा सके। आप सभी के सहयोग तथा विद्यार्थियों की कड़ी लगन का ही यह परिणाम आज हम सबके समक्ष है।

हमारे स्कूल का हमेशा से ही उद्देश्य रहा है कि हमारे सभी विद्यार्थी रचनात्मक कार्य करते हुए समाज में अच्छे उदाहरण पेश करें। हमारा उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ उन्हें कूटनीतिज्ञ बनाना भी है ताकि समाज की कुरीतियों का वे सभी निडरता से खंडन कर सके और हमारे दिए हुए संस्कारों और आदर्शों को बनाए रखें।

अंत में हम सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बहुत सी शुभकामनाएं देते हैं और यह भी कामना करते हैं कि हमारे दिए हुए आदर्शों का वे अपने जीवन में पालन करें।

सहृदय धन्यवाद

अकाल अकादमी डाकरा साहिब